# Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 14 जनवरी, 2023

## स्टार्टअप इंडिया नवोन्मेषण सप्ताह

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत उद्योग एवं **आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) द्वारा** 10-16 जनवरी तक '**स्टार्टअप इंडिया नवोन्मेषण (इनोवेशन) सप्ताह**' का आयोजन किया जा रहा है। इस **आयोजन का उद्देश्य पूरे देश में स्टार्टअप इकोसिस्टम के हितधारकों को शामिल करना तथा भारत में उद्यमिता और नवाचार की भावना को बढ़ावा देना है।** ज्ञातव्य है कि **16 जनवरी को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस** भी मनाया जाता है। इस अवसर पर उद्यमिता एवं नवाचार की भावना को बढ़ावा देने हेतु देश भर में **75 से अधिक स्थानों पर** स्टार्टअप से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इन आयोजनों में **इनक्यूबेटरों का प्रशिक्षण**, **महिला उद्यमियों के लिये समर्पित कार्यशालाएँ,** परामर्श कार्यशालाएँ, क्षमता निर्माण कार्यशालाएँ, स्टार्टअप पिचिंग सत्र आदि शामिल हैं। **भारत स्टार्टअप्स के लिये 'हॉटस्पॉट' के रूप में उभरा है।** 108 यूनिकॉर्न के साथ **भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा [स्टार्टअप] ईकोसिस्टम है। देश में वर्ष 2016 में 471 स्टार्टअप थे जो वर्ष 2023 में बढ़कर 86,456 हो गए है।** 6 वर्षों में भारत में स्टार्टअप्स की संख्या में **15 हज़ार प्रतिशत से ज़्यादा की** अभूतपूर्व **वृद्धि** हुई है। वर्तमान में देश के स्टार्टअप लाखों युवाओं को रोज़गार प्रदान कर रहे हैं। केंद्र सरकार के आँकड़ों के मुताबिक, **स्टार्टअप्स ने देश में 8,88000 से अधिक नौकरियाँ** सृजित की हैं। स्टार्टअप इंडिया अभियान का **शुभारंभ 16 जनवरी 2016** को हुआ था। इसके अलावा भारत की G-20 अध्यक्षता के तहत **स्टार्टअप-20 एंगेजमेंट ग्रुप की स्थापना** भी की गई है। स्टार्टअप-20 एंगेजमेंट ग्रुप की स्थापना से **नवाचारों को बढ़ावा** मिलेगा और बदलते वैश्विक परिदृश्य में स्टार्टअप्स की भूमिका को मान्यता मिलेगी।

## भारतीय शांतिरक्षकों को संयुक्त राष्ट्र मेडल

**दक्षिण सूडान संयुक्त राष्ट्र मिशन** (United Nations Mission in South Sudan- UNMISS) में सेवा प्रदान करने वाले एक हज़ार से अधिक **भारतीय शांतिरक्षकों** को उनकी असाधारण सेवा के लिये **संयुक्त राष्ट्र मेडल से सम्मानित** किया गया। दक्षिण सूडान संयुक्त राष्ट्र मिशन ने एक ट्वीट के माध्यम से बताया कि **कुल 1171 भारतीयों को दक्षिण सूडान के अपर नील में उनके महत्त्वपूर्ण कार्य के लिये संयुक्त राष्ट्र मेडल से सम्मानित किया गया है। UNMISS** वेबसाइट पर पोस्ट किये गए एक लेख में बताया गया है कि यह **पहली बार है** जब भारतीय सेना की **एक महिला अधिकारी, मेजर जैस्मीन चट्ठा ने अपर नील में** आयोजित पुरस्कार समारोह में **पैदल सेना, इंजीनियरों और चिकित्सा अधिकारियों सहित भारतीय दल की परेड का नेतृत्त्व** किया है। **भारतीय सैन्य दल ने** नागरिकों की रक्षा करने के साथ ही **अवसंरचनाओं की मरम्मत और निर्माण** में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है।

## कृषि-क्लीनिक और कृषि-व्यवसाय योजना

हाल ही में राष्ट्रीय युवा दिवस पर **कृषि-क्लीनिक और कृषि-व्यवसाय (AC & ABC) योजना** के तहत प्रशिक्षित किये गए **82 सर्वश्रेष्ठ कृषि उद्यमियों** को किसानों के लिये कृषि-क्लिनिक और कृषि व्यवसाय सेवाओं के माध्यम से उनके महत्त्वपूर्ण योगदान हेतु सम्मानित किया गया। कृषि-क्लीनिक और कृषि-व्यवसाय योजना सरकार की एक **मेगा फ्लैगशिप योजना** है, जिसे भारत सरकार ने नाबार्ड (NABARD) के सहयोग से अप्रैल 2002 में शुरू किया था। इसका उद्देश्य बैंकों से ऋण एवं सब्सिडी प्राप्त करने के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में 45 दिनों के निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण के माध्यम से बेरोज़गार युवाओं को स्व-नियोजित कृषि उद्यमी में बदलना है। तथा बड़ी संख्या में उपलब्ध कृषि स्नातकों की विशेषज्ञता को उपयोग में लाना है। यह योजना राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (National Institute of Agricultural Extension Management), हैदराबाद द्वारा सभी राज्यों में फैले **136 नोडल प्रशिक्षण संस्थानों (NTIS)** के नेटवर्क के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों में कार्यान्वित किया जा रही है।

## मकर संक्रांति

हाल ही में प्रधानमंत्री ने देश के लोगों को **मकर संक्रांति, भोगी, लोहड़ी और पोंगल के फसल त्योहारों** के अवसर पर बधाई दी है। इस त्योहार में देश भर के **किसान अपनी कड़ी मेहनत एवं उद्यम का जश्न** मनाते हैं। **मकर संक्रांति सूर्य के मकर राशि में प्रवेश को दर्शाता** है क्योंकि यह अपने खगोलीय पथ पर भ्रमण करता है। यह दिन **ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत का प्रतीक और छह महीने के शुभ समय** की शुरुआत करता है, जिसे हिंदुओं को उत्तरायण या सूर्य के उत्तरायण के रूप में जाना जाता है। इस दिन से जुड़े **उत्सवों को देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है:**

//




**और पढ़ें..** [फसल उत्सव]

## ऑनलाइन गेमिंग में भारत का पहला उत्कृष्टता केंद्र

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी तथा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के **भारतीय सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क (STPI)** के माध्यम से डिजिटल इंडिया स्टार्टअप हब, मार्च 2023 तक[ऑनलाइन गेमिंग] में भारत का पहला उत्कृष्टता केंद्र शिलांग में स्थापित किया जाएगा। मंत्रालय**डिजिटल कौशल पर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये** शिलांग में **राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी संस्थान (NIELIT)** के तहत एक अत्याधुनिक केंद्र भी स्थापित करेगा। सरकार [प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना] (**PMKVY) 4.0** के माध्यम से **स्किल इंडिया को फिर से शुरू करने जा रही है** , जो मेघालय में लगभग 50,000 युवाओं को उद्योग समर्थित रोज़गार अवसर प्रदान करने के साथ-साथ भविष्योन्मुखी कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

**और पढ़ें...**[भारत का स्टार्टअप परितंत्र], [पूर्वोत्तर भारत]

## केरल में संविधान साक्षरता अभियान

**केरल में अपनी तरह की पहली पहल**, कोल्लम ज़िला पंचायत, ज़िला योजना समिति और केरल स्थानीय प्रशासन संस्थान (KILA) द्वारा संयुक्त रूप से संविधान साक्षरता अभियान का आयोजन किया गया। **इसका उद्देश्य कोल्लम को पहला पूर्ण रूप से संविधान साक्षर ज़िला घोषित करना है।** इस अभियान के माध्यम से 1**0 वर्ष से अधिक आयु के कोल्लम की पूरी आबादी को संविधान की प्रस्तावना एवं दस्तावेज़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि,** इसके मूल सिद्धांतों, नागरिकों के मौलिक अधिकारों तथा कानूनी उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**और पढ़ें... प्रस्तावना, भारतीय संविधान**

# LHS 475 b

हाल ही में **जेम्स वेब टेलीस्कोप** ने **अपने पहले एक्सोप्लैनेट की खोज की पुष्टि की**, एक ग्रह जो दूसरे तारे की परिक्रमा कर रहा है। ग्रह, जिसे पहले **LHS 475b** के रूप में वर्गीकृत किया गया था, यह ग्रह लगभग पृथ्वी के समान आकार का है और इसका व्यास पृथ्वी के व्यास का लगभग 99% है। शोधकर्त्ताओं ने उल्लेख किया कि ग्रह मात्र दो दिनों में अपने तारे के चारों ओर एक परिक्रमा पूरी करता है। हालाँकि LHS 475b सौरमंडल के किसी भी ग्रह की तुलना में अपने तारे के निकट है, लेकिन इसके लाल बौने तारे का तापमान सूर्य के तापमान का आधा है, इसलिये शोधकर्त्ता उम्मीद कर रहे हैं कि इसमें भी वातावरण हो सकता है। **लाल बौना तारा-** एक छोटा, कम द्रव्यमान वाला, मंद और शांत तारा है। कई की सतहों पर बड़े फ्लेयर्स और मास इजेक्शन की घटनाएँ होती हैं। लाल बौने तारों का रहने योग्य क्षेत्र हमारे सूर्य जैसे तारों की तुलना में तारे के निकट है, जिससे संभावित रहने योग्य ग्रहों का निरीक्षण करना आसान हो जाता है।

जेम्स वेब टेलीस्कोप अपने सहयोगियों, **यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA)** और **कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी (CSA)** के साथ नासा के नेतृत्त्व में एक अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है।

**और पढ़ें... सौर प्रणाली, जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-14-january-2023